संस्कृत प्रचार पुस्तकमाला संख्या १

संस्कृत शिक्षा के सम्बन्ध में

(देश के मूर्धन्य मनीषियों के विचार)

A collection of ideas and opinions of some eminent Scholars, Educationists, Scientists, Justices, Politicians, and Leaders Regarding the Utility and Necessity of Compulsory Study of Sanskrit Language and Literature.

सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालय
वा रा ण सी

संस्कृत-शिक्षा के सम्बन्ध में

देश के मूर्धन्य मनीषियों के विचार

★

सम्पादक—

श्री वासुदेव द्विवेदी, वेदशास्त्री, साहित्याचार्य

[सम्पादक—संस्कृत प्रचार पुस्तकमाला]

★

सार्वभौम संस्कृत प्रचार कार्यालय

वा रा ण सी

आवश्यक निवेदन

सन् १९५० में कार्यालय द्वारा एक पुस्तक प्रकाशित की गई थी जिसमें देश-विदेश के अनेक विख्यात मनीषियों तथा देश के सभी मूर्धन्य नेताओं के संस्कृत-सम्बन्धी विचार संकलित किये गये थे। उक्त पुस्तक के समाप्त हो जाने पर तथा बार-बार उसकी माँग होने पर वही पुस्तक परिवर्तित तथा परिवर्धित रूप में पुनः प्रकाशित की जा रही है।

इन विचारों के बार-बार प्रकाशन का एकमात्र उद्देश्य यही है कि जो भारतीय शिक्षित जन तथा विशेषकर वे अधिकारी, समाजसेवी तथा लोकनायक जो अज्ञान, उदासीनता, उपेक्षा, सम्पर्क का अभाव अथवा विदेशी भाषा एवं संस्कृति के प्रभाव से अभिभूत होने के कारण संस्कृत-शिक्षा के लाभों का यथार्थरूप में मूल्याङ्कन नहीं कर सके हैं, उन्हें इसके मूल्य एवं महत्ता से परिचित कराया जाय तथा इसके सम्बन्ध में अपने उत्तरदायित्व के निर्वाह के प्रति भी उन्हें आकृष्ट किया जाय।

यद्यपि एक दृष्टि से इस पुस्तक के प्रकाशन की कोई विशेष महत्ता नहीं है। क्योंकि जिस देश में अनेक शताब्दियों तक संस्कृत राष्ट्रभाषा रही हो, जहाँ का सारा साहित्य संस्कृतमय हो, जहाँ के निवासियों के समस्त धार्मिक क्रिया-कलाप संस्कृत में होते हों, जहाँ की सभ्यता एवं संस्कृति की पवित्र धारा संस्कृत के स्रोतों से प्रवाहित होती हो और जहाँ की भाषाओं का अब भी पोषण तथा सम्वर्धन संस्कृत से होता हो और इस प्रकार जिसका समग्र भारतीय जीवन से अच्छेद्य-अभेद्य सम्बन्ध हो वहीं के निवासियों को संस्कृत का महत्त्व समझाने के लिये प्रयत्न करना एक हास्यास्पद बात प्रतीत होती हैं। यह उसी प्रकार अशोभनीय भी मालूम पड़ता है जैसे किसी पुत्र को उसकी माता का महत्त्व समझाया जाय।

परन्तु दुःख के साथ कहना पड़ता है कि आज संस्कृत की वही स्थिति है जो किसी पुत्र द्वारा विस्मृत एवं उपेक्षित माता की होती है। क्योंकि संस्कृत का राष्ट्र के साथ जितना घनिष्ठ सम्बन्ध है और प्रस्तुत पुस्तक के उल्लिखित विचारों में इसका जितना महत्त्व स्वीकृत किया गया है, जिसे मैं यहाँ विस्तारभय से उद्धृत नहीं करना चाहता, उसके अनुरूप आज

भी देश की शिक्षापद्धति में संस्कृत को स्थान नहीं दिया गया है और वह कहीं उपेक्षित, कहीं अपमानित, कहीं अव्यवस्थित और कहीं बहिष्कृत के रूप में जीवन बिता रही है।

इधर त्रिभाषायोजना के अनुसार तो वह पूरे देश से ही बहिष्कृत हो चुकी थी और संविधान के अनुसार यदि उसे हिन्दीभाषी प्रदेशों में तृतीय भाषा के रूप में कुछ जीवित रहने की आशा भी थी तो वह लखनऊ में ५ दिसम्बर के केन्द्रीय शिक्षामन्त्री श्री छागला के वक्तव्य से बिलकुल समाप्त हो गई। उनके इस वक्तव्य के बाद देश में गम्भीर प्रतिक्रिया हुई और उत्तर तथा दक्षिण दोनों ओर से इसका विरोध हुआ। उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री श्री चन्द्रभानु गुप्त जी ने श्री छागला के वक्तव्य की वैधानिकता का प्रतिवाद किया। श्री डा० सम्पूर्णानन्द, श्री मुन्शी जी, श्री अनन्त शयनं आयङ्गार तथा श्री डा० राघवन् आदि अनेक मूर्धन्य मनीषियों ने भी त्रिभाषायोजना में संस्कृत को रखने के लिये मार्मिक वक्तव्य प्रकाशित किये। डा० सम्पूर्णानन्द जी ने तो दिल्ली में जाकर प्रधानमन्त्री श्री शास्त्रीजी से संस्कृत रक्षा की भिक्षा तक माँगी। इस कार्यालय की ओर से भी गत १६ सितम्बर को काशी में एक विराट संस्कृत रक्षा सम्मेलन कर संस्कृत को किसी भी रूप में शिक्षण में स्थान देने के लिये प्रस्ताव पारित किये गये और सभी अधिकारियों के पास भेजे गये। इस पुस्तक का प्रकाशन भी इस अवसर पर इसीलिये आरम्भ किया गया कि इन विचारों के प्रचार से भी कदाचित् संस्कृत के अनुकूल वातावरण बन सके। इस प्रकार के प्रयत्न अनेक क्षेत्रों से चलते रहे फिर भी विश्वास यही था कि संस्कृत की शिक्षा पूरे देश से समाप्त हो जायगी। परन्तु पाकिस्तान के साथ युद्ध छिड़ जाने के कारण संयोगवश यह विषय लोक-सभा में विचारार्थ नहीं आ सका और शीघ्र आने की सम्भावना भी नहीं रही। फिर भी संस्कृत के हटाये जाने की आशंका तो थी ही। परन्तु प्रसन्नता की बात है कि सम्भवतः देशव्यापी विरोध के कारण श्री छागला महोदय ने अपने विचारों में परिवर्तन कर दिया है और गत २० नवम्बर की केन्द्रीय संस्कृत बोर्ड की बैठक में त्रिभाषायोजना में संस्कृत को स्थान देने का औचित्य स्वीकार किया है जिसके लिये वे सभी संस्कृत प्रेमियों के लिये धन्यवाद के पात्र हैं।

किन्तु इस वक्तव्यमात्र से सन्तोष कर निश्चिन्त बैठ जाना ठीक न होगा। क्यों कि बड़े संकोच के साथ इस तथ्य को भी स्वीकार करना पड़ता है कि मन्त्रियों के वक्तव्य बहुधा भिन्न-भिन्न अवसरों पर भिन्न-भिन्न प्रकार के हो जाया करते हैं। स्वयं श्री छागला जैसे वरिष्ठ व्यक्ति के भी लखनऊ और दिल्ली के वक्तव्यों में काफी अन्तर हो गया है। इधर ३१ जनवरी को वाराणसी में केन्द्रीय उपशिक्षामन्त्री श्री भक्तदर्शन जी से मालूम हुआ कि यह प्रश्न सभी राज्यों के पास विचारार्थ भेजा गया है। उनके भी उत्तरों को देखकर इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय होगा। अब भिन्न-भिन्न राज्यों के क्या विचार होंगे और उनका केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस सम्बन्ध में कुछ निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता और संस्कृत की स्थिति पुनः संकटापन्न ही रह जाती है। इधर एक नूतन समाचार यह प्राप्त हुआ है कि गत २५ फरवरी को डा० कर्ण सिंह जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय संस्कृत बोर्ड ने भारत सरकार से यह सिफारिस की है कि अहिन्दीभाषी क्षेत्रों में हिन्दी के साथ तथा हिन्दीभाषी क्षेत्रों में किसी भी आधुनिक भारतीय भाषा के साथ संस्कृत की शिक्षा सम्मिलित कर दी जाय और दोनों भाषाओं के प्रश्नपत्रों को ५०-५० नम्बर के अधार पर विभाजित किया जाय। यद्यपि यह निर्णय भी बहुत सन्तोषजनक नहीं कहा जा सकता फिर भी यदि भारत सरकार इतना भी स्वीकार कर ले तो वर्तमान परिस्थिति में इसे संस्कृत का सौभाग्य ही माना जायगा। परन्तु यह कितने दुःख का विषय है कि देश की शिक्षा, संस्कृति, सदाचार, एवं एकता के एकमात्र आधारभूमि इस संस्कृत शिक्षा के सम्बन्ध में इस प्रकार की अस्थिरता हो, उसकी अर्हता के सम्बन्ध में प्रदेशों से अभी पूछ-ताछ की जाय और उसके लिए इतनी सिफारिस करनी पड़े!

ऐसी स्थिति में देश के संस्कृत-संस्कृति प्रेमी नागरिकों तथा शिक्षा विशारदों का यह कर्तव्य है कि वे अब संस्कृत के साथ अधिक अन्याय न होने दें और राष्ट्रहित की दृष्टि से ही सदा के लिये देश की शिक्षापद्धति में संस्कृत को अनिवार्य स्थान देने के लिये राज्यों तथा केन्द्र को बाध्य करें और सामान्य जनता को भी, जो बहुत दिनों से संस्कृत का सम्बन्ध छूट जाने के कारण इसके लाभ से वञ्चित है, पुनः संस्कृत के पठन-पाठन तथा प्रचार-प्रसार के लिये उद्‌बुद्ध करें।

इसीलिये हमने यह आवश्यक समझा कि एक बार पुनः यह पुस्तक प्रकाशित की जाय और जनता, जननायकों तथा सरकार के वरिष्ठ सञ्चालकों

को भी संस्कृत की गरिमा और उपयोगिता से अवगत कराकर उन्हें इसके प्रति उचित व्यवहार करने की प्रेरणा दी जाय।

इसी दृष्टि से हमने अपनी प्रथम पुस्तक में प्रकाशित विचारों के अतिरिक्त और भी अनेक महत्त्वपूर्ण विचारों को इधर-उधर से संकलित किया और कुछ गण्य-मान्य विचारकों के पास अनुरोधपत्र भेजकर भी उनके विचार प्राप्त किये। यद्यपि पत्र तो अधिक संख्या में भेजे गये परन्तु उत्तर बहुत थोड़े ही प्राप्त हुए। कुछ सज्जनों ने तो अभी तक कुछ उत्तर ही नहीं दिया। कुछ सज्जनों ने इस आन्दोलन के प्रति अपनी सहानुभूति प्रगट की, कुछ ने चिन्ता व्यक्त की, कुछ लोगों ने इस सम्बन्ध में कुछ लिखने में असमर्थता प्रगट की और कतिपय सज्जनों ने विलम्ब से उत्तर भेजने की सूचना भेजी। परन्तु सभी उत्तरों की प्रतीक्षा में अधिक विलम्ब होते देख हमने पुस्तक को इसी रूप में प्रकाशित कर देना उचित समझा जो पाठकों के समक्ष प्रस्तुत है।

प्रस्तुत पुस्तक के प्रकाशन का उद्देश्य मैं ऊपर बतला चुका हूँ। देश के सर्वसाधारण नागरिक तथा विशेषकर शिक्षित समाज से हमारा साग्रह अनुरोध है कि वे इसमें प्रकाशित समस्त विचारों को आद्योपान्त पढ़ें, उनका मनन करें तथा यदि ये विचार बुद्धिग्राह्य प्रतीत हों तो इन्हें कार्यरूप में परिणत कराने के लिये अपने-अपने स्थान में सभायें करें, जोरदार शब्दों में प्रस्ताव पारित करें तथा उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकारों के पास भेजकर उन्हें संस्कृत को सम्मानपूर्ण स्थान देने के लिये सावधान करें।

साथ ही जिन विचारकों ने संस्कृत शिक्षा की अनिवार्यता को आवश्यक बतलाया है और सौभाग्यवश वे इस समय भी जीवित हैं, उनसे भी हमारा सानुरोध निवेदन है कि वे एक बार विचार प्रगट करके ही चुपचाप न बैठे प्रत्युत उसे चरितार्थ कराने के लिये कुछ सक्रिय रूप में भी प्रयत्न करने का कष्ट करें।

अन्त में हम उन समस्त महानुभावों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रगट करना चाहते हैं जिन्होंने अपने मूल्यवान् विचारों को भेजने की कृपा की और जिन्होंने आर्थिक सहायता देकर इन विचारों को जनता के समक्ष रखने का मुझे अवसर प्रदान किया।

३० फरवरी १९६६
वाराणसी

विनीत
सम्पादक

५

विषय-सूची

★

संस्कृत-शिक्षा के सम्बन्ध में

देश के मूर्धन्य मनीषियों के विचार

यामृषयो मन्त्रकृतो मनीषिण:
अन्वैच्छन् देवास्तपसा श्रमेण।
तां देवीं वाचं हविषा यजामहे
सा नो दधातु सुकृतस्य लोके ॥
—तैत्तिरीय ब्राह्मण, ११-८-८

स्वामी विवेकानन्द

The ideas must be taught in the language of the people; and at the same time Sanskrit education must go on alone with it, because the very sound of Sanskrit words gives a prestige and a power and a strength to the race. The attempts of the great Ramanuja and of Chaitanya and of Kabir to raise the lower classes of India, show that the marvellous results were attained during the life time of those great prophets; yet the latter's failures have to be explained ... ... the secret is here ... ... they had all the wish that these lower classes should come up, but they did not apply their energies to the spreading of Sanskrit language among the masses. Even the great Buddha made one false step when he stopped the Sanskrit language from being studied by the masses.

Complete Works Vol. III.
Page 290

महात्मा गान्धी

संस्कृत हमारी भाषा के लिए गंगा नदी है। मुझे लगता रहता है कि यदि वह सूख जाय तो भाषायें निर्माल्य बन जायेंगी।

× × × ×

संस्कृत एक ऐसी भाषा है जिसमें भारतीय संस्कृति का चिरसंचित ज्ञान भरा है। विना संस्कृत पढ़े कोई अपने को पूर्ण भारतीय और विद्वान नहीं बना सकता।

× × × ×

संस्कृत देवभाषा है, अतः इसके अध्ययन और स्वाध्याय से मनुष्य अपने में देवोपम गुणों का विकास कर सकता है।

× × × ×

संस्कृत में सद्ग्रंथ ही अधिक संख्या में हैं, उनके विमर्श का भाग्य जिन्हें प्राप्त है वे धन्य हैं।

× × × ×

जो अच्छी हिन्दी, बङ्गाली, गुजराती या मराठी सीखना चाहें उन्हें संस्कृत तो सीखनी ही पड़ेगी।

गान्धीजी की सूक्तियां
पृष्ठ ११४

मुझे तो यह पश्चात्ताप होता है कि मैं अधिक संस्कृत न सीख सका। क्योंकि आगे चलकर मैंने समझा कि किसी भी हिन्दू वालक को संस्कृत का अच्छा अभ्यास किये विना नहीं रहना चाहिए।

आत्मकथा पृष्ठ २७

महामना मालवीयजी—

मुझे यह कहने की विशेष आवश्यकता प्रतीत नहीं होती कि उपरोक्त नियमावली में संस्कृत को क्यों प्रथम स्थान दिया गया। हमें अपनी उज्वल वंशपरम्परा तथा प्राचीन पैतृक मर्यादा का अभिमान है। हमारी पैतृक सम्पत्तियों में से सबसे बहुमूल्य रत्न हमारी संस्कृत भाषा है। इसी में हमारा पवित्र साहित्य धार्मिक तत्त्वज्ञान और सभी प्रकार की प्राचीन सभ्यता तथा संस्कृति के सुन्दर अङ्ग-प्रत्यङ्ग पूर्णतया सुरक्षित हैं। प्रत्येक मनुष्य अपना व्यक्तिगत, शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा चरित्रसम्बन्धी उन्नति किस प्रकार कर सकता है तथा फिर कैसे अपने को एक शक्तिशाली समाज में सङ्गठित कर सकता है, इसका पूर्ण विवेचन हमें इसी भाषा में मिलता

है। भाषा की उत्तमता के विचार से भाषामर्मज्ञों ने संसार की सभी भाषाओं में संस्कृत को ही प्रथम स्थान दिया है। मनुष्य के चिन्तित तथा उत्कृष्ट विचारों को सुमधुर ललित शैली में व्यक्त करने की यह सदैव ही सुन्दर माध्यम रही है।

श्री मालवीय जीवन चरित,
द्वितीय भाग पृ० ४६

कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ ठाकुर

भारतवर्षेर चिरकालेर ये चित्त सेटार आश्रय संस्कृत भाषाय। एई भाषार तीर्थपद दिये आमरा देशेर चिन्मय प्रकृतिर स्पर्श पाव, ताके अन्तरे ग्रहण करव, शिक्षार एई लक्ष्य आमार मने दृढ़ छिल। इंग्रेजी भाषा दिये नाना ज्ञातव्य विषय आमरा जानते पारि, सेगुलि अत्यन्त प्रयोजनीय। किन्तु संस्कृत भाषार ये एक आनन्द आछे, से रञ्जित करे आमादेर मनेर आकाश के, तार मध्ये आछे एकटा गम्भीर वाणी, विश्व प्रकृतिर मतोई से आमादेर शक्ति देय एवं चिन्ता के मर्यादा दिये थाके।

आश्रमेर रूप ओ विकास (बङ्गला) पृ० ४५

राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन

हिन्दी में पुष्टि-सौन्दर्य एवं भावाभिव्यक्ति लाने के लिए संस्कृत का ज्ञान आवश्यक ही नहीं परमावश्यक (अनिवार्य) है।

अ० भा० संस्कृत परिषद्, लखनऊ
विवरण पुस्तिका, २ मई १९५४

आचार्य विनोवा भावे

I have studied a good many languages and literature of the world. But no language of the world other than Sanskrit contains literature which with supreme confidence and faith declares to man—तत् त्वम् असि thou art that. This spiritual lore is our strength. Herein lies the distinctive glory of India. India is "the best country in the world". For the only reason that here there is the ancient spiritual lore.

Bhavana's Journal, October 1964.

मैंने बहुत दफा कहा है कि जैसे दो आंखों से मनुष्य देखता है, वैसे ही दो भाषाओं की—प्रान्तीय भाषा और राष्ट्रभाषा, दोनों की राष्ट्र को आवश्यकता हैं। इसलिये मैंने दो भाषाओं का ज्ञान अनिवार्य माना। तीसरी आंख की जरूरत हुई—भगवान शंकर को तीसरी आंख थी—जो ज्ञान दृष्टि कहलाती है—तो संस्कृत भाषा का अध्ययन लाभदायक होगा और चश्मे के स्थान पर अंग्रेजी भाषा हमारे काम में आयेगी।

भाषा का प्रश्न पृ० २४

श्री डा० राजेन्द्रप्रसाद

संस्कृत वाङ्मय भारत की ही क्यों सारी मनुष्य जाति के लिये अमूल्य निधि है। उसकी प्राचीनता, उसकी व्यापकता, उसकी विशदता, उसकी सौन्दर्य और मधुरता सभी तो ऐसी हैं जिनसे न केवल मानव की आज तक की संस्कृति का सारा इतिहास ज्योतिर्मय हो उठता है वरन् मानव का हृदय आनन्द से विभोर हो जाता है और उसको एक ऐसे नये आदर्श लोक की झाँकी मिल जाती है जिसमें पहुंचने पर ही उसका जीवन सार्थक हो सकता है और उसे भवबाधा से मुक्ति मिल सकती है।

... ... मैं ऊपर दिखा चुका हुं कि संस्कृत वाङ्मय का अध्ययन और अनुशीलन आवश्यक, वांछनीय और महत्त्वपूर्ण है और इसलिये हमारे सभी शिक्षालयों में, केवल स्थान ही नहीं बल्कि काफी प्रोत्साहन भी मिलना चाहिये।

संस्कृत रिसर्च इन्स्टीट्युट, दरभंगा के शिलान्यास के अवसर पर प्रदत्त भाषण से, २१ नवम्बर १९५१

श्री डा० एस० राधाकृष्णन्

There is a mistaken notion that Sanskrit is a language of the Hindus, that it deals with their philosophy and religion. it does deal with the philosophy and religion of the Hindus. At the same time, Sanskrit literature embodies so many concepts belonging to other branches of knowledge—politics, economics, music, painting, education, science and other

things. **If we are in a position to read Shakespeare and Goethe, Milton and Browning, why should not our people and other people read Kalidas, Bhavabhuti etc. ?** They belong to the literature of the world and any one who qualifies himself to be citizen of the new emerging world community, will feel that he is not completely prepared for it if he does not know what Indian literature has contributed to world thought.

विश्व संस्कृत परिषद्, बम्बई के अध्यक्षीय भाषण से

पण्डित जवाहरलाल नेहरू

It (India) built up a magnificent language, Sanskrit and through this language and its arts and architecture, it sent its vibrant message to far away countries. It produced the Upanishads, the Gita and the Buddha. Hardly any language in the world has probably played that vital part in the history of a race which Sanskrit has. It was not only the vehicle of the highest thought and some of the finest literature, but it became the uniting bond for India, even though there were political divisions. The Ramayana and the Mahabharat were woven into the texture of millions of lives in every generations for thousands of years. I have often wondered that if our race forgot the Buddha, the Upanishads and the great epics, what then will it be like ? It would be uprooted and would loose the basic characterestics which have clung to it and given it distinction throughout these long ages, India would cease to be India.

Azad Memorial Address.

× × × ×

If I was asked what is the greatest treasure which India possesses and what is her finest heritage, I would answer unhesitatingly it is the Sanskrit language and literature and all that it contains. This is a magnificent inheritance and so long as this endures and influences the life of our people,

so long will the basic genius of India continue. Apart from it being a treasure of the past, it is, to an astonishing degree for so ancient a language, a living tradition. **I should like to promote the study of Sanskrit** and to put our scholars to work, to explore and bring to light the buried literature in this language that has been almost forgotten.

"Hindu", 13 February, 1949.

× × × ×

भारतीय भाषाओं के ७५ से ८० प्रतिशत शब्द एक जैसे हैं, कारण, अधिकांश भारतीय भाषाएँ संस्कृतमूलक हैं और इसी कारण इनमें ऐक्य का इतना व्यापक निदर्शन होता है। इसी तथ्य से यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि यदि भाषावाद के विष को समाप्त करना है तो भारतीय भाषाओं के इस ऐक्य को विस्तृत करना ही सबसे सरल तरीका है।

'आज', १३ मार्च, १९५९

× × × ×

संसार की प्राचीन भाषाओं में संस्कृत का स्थान बहुत ऊँचा है। मैं चाहता हूं कि आज भी ज्यादा लोग संस्कृत पढ़ें। संस्कृत ने हमारे देश की एकता को बढ़ाया है और संस्कृत से हमारी सभी भाषाओं को बल मिलता है।

६ अक्टूबर, 'हिन्दुस्तान', नई दिल्ली

× × × ×

भारत में उत्तर प्रान्तीय भाषाओं का घनिष्ठ सम्बन्ध संस्कृत से है। दक्षिण की भाषाओं का सम्बन्ध एक दूसरे प्रकार से है। संस्कृत के माध्यम से सांस्कृतिक परम्पराओं में भारतीय भाषायें एक दूसरे से सम्बद्ध होकर चली आ रही हैं। यदि हम इस पहलू का ख्याल नहीं रखते हैं तो इसका अर्थ होगा कि हम उन महती सांस्कृतिक परम्पराओं से अपने को अलग कर रहे हैं।

लोक सभा के भाषण से,
'आज', ९ अगस्त १९५९, वाराणसी

श्री लालबहादुर शास्त्री

संस्कृत तो इस देश की अमूल्य निधि है। यह तो सर्वसम्मत तथ्य है कि संस्कृत के अध्ययन से इस देश के इतिहास के वास्तविक ज्ञान में बड़ी सहायता प्राप्त होती है। पुराण इतिहास के ही रूप हैं। दर्शन और साहित्य का अगाध ज्ञानभण्डार संस्कृत में भरा पड़ा है। इसमें गीता जैसे ग्रन्थरत्न भरे हैं। गीता की कितनी टीकायें लिखी गईं, कितनी उसमें गहराई और दार्शनिक अंश है, यह कौन नहीं अनुभव करता ? केवल दर्शन ही नहीं, किन्तु समाज और संसार किस तरह शान्ति और सहिष्णुता से चले, उसकी भी कल्पना उस समय के संस्कृत ग्रन्थों में स्पष्ट मिलती है। "उदार चरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्" आदि उक्तिओं से बढ़ कर विश्वबन्धुत्व का क्या सन्देश मिल सकता है ?

.... राष्ट्र की विशालता को देखते हुए हमें संस्कृत के लिये बहुत कुछ करना होगा। हमारे देश में संस्कृत के विद्वान् बने रहें और उनको प्रोत्साहन मिलता रहे, यह आवश्यक है। यह स्पष्ट ही है कि हरेक के लिये संस्कृत का पूरा पण्डित बनना सम्भव नहीं परन्तु यदि संस्कृत का साधारण ज्ञान भी हो तो उसकी पृष्ठभूमि में साधारण ज्ञान उपार्जन तथा पुरातन भारतीय इतिहास और संस्कृति के अध्ययन में पूरी तरह सहायता मिलेगी।

अ० भा० संस्कृत साहित्य सम्मेलन,
गाजियाबाद, १ जनवरी, १९६४

श्री गुलजारीलाल नन्दा

अगर हमें अपने देश की आध्यात्मिक बातों को कायम रखना है और आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाना है तो संस्कृत का ज्ञान बहुत आवश्यक है। आध्यात्मिकता और धर्म हमारे देश में हमेशा रहनेवाले हैं और जो चीज हमेशा रहनेवाली होती है उसके लिए आगे बढ़ना भी आवश्यक हो जाता है। आयुर्वेद की पढ़ाई के लिए संस्कृत की बड़ी आवश्यकता होती है। संस्कृत का उपयोग टेक्नीकल चीजों में जरूर किया जाय। अंग्रेजी इस देश से कुछ सालों में चली जायगी। अंग्रेजी के बाद अगर देश में किसी भाषा

को तैयार होना है तो वह संस्कृत ही हो सकती है। हमारे देश में विज्ञान की भाषा एक होनी चाहिए और वह भाषा संस्कृत ही हो सकती है।

राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन स्मारिका

श्री अशोक मेहता

संस्कृत की सेवा राष्ट्र की सेवा है। हमारी संस्कृति और परम्परा में जो कुछ महान् है, वह इस भाषा में सुरक्षित है। अतः संस्कृत के प्रचार तथा प्रसार के लिए जो भी प्रयास किये जाँय, वह सराहनीय हैं।

२२ जून, १९६४

श्री मुरारजी देसाई—

Although science and technology have made phenomenal progress and knowledge of man considerably widened, it is obvious that man will not be able to use these properly without the aid of wisdom. While each country has its own source of wisdom, we in India have such a precious treasure of it in our ancient literature that it would be difficult to achieve integration of our personalities without assimilating the essence of it. **As most of this ancient literature is in Sanskrit, a study of this language will be handsomely rewarded.**

संस्कृत विश्व-परिषद्, पुरी अधिवेशन, १९५९

श्री भक्त दर्शन

देश की संस्कृति की आधारशिला पर ही हमारी राष्ट्रीय शिक्षा प्रतिष्ठित हो सकती है। यहाँ कोई भी सरकार तबतक राष्ट्रीय नहीं कही जा सकती जबतक कि वह हमारी संस्कृति के आधार संस्कृत को समुचित महत्त्व न प्रदान करे।

मैं सोचता हूं कि लगभग सभी राज्यों में संस्कृत को पूर्णतया समुचित स्थान मिलना चाहिये। इसके लिये व्यावहारिक रूप में हिन्दीभाषी प्रदेशों

में हिन्दी के ३ प्रश्नपत्रों में से एक प्रश्नपत्र पूर्णतया संस्कृत का होना चाहिये। प्रकारान्तर से थोड़े परिणाम में संस्कृत इस प्रकार अनिवार्य होगी। संस्कृत का प्रारम्भिक ज्ञान तो सब को होना ही चाहिये। संस्कृत को पूरे विषय के रूप में पढ़नेवालों को छात्रवृत्तियाँ भी दी जानी चाहिये।

हम चाहते हैं कि संस्कृत देववाणी न रह कर जनवाणी बन जाय।

संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में प्रदत्त भाषण से,
११ जनवरी १९६५

श्री यशवन्त राव चाह्वान

I have always been feeling that the study of any Indian language—may it be from the north or from the south—cannot be said to be complete without the study of Sanskrit, which provides a common thread running through all of them. Sanskrit is the foundation of all the modern Indian languages. But that alone does not fully explain its unique importance. For thousands of years the majority of Indians have developed not only their languages but also their cultural traditions and ways of life on the very basis and with the help of Sanskrit. It has been mainly responsible for maintaining unity in the diversity of this large country. Sanskrit has been recognised on all hands as the basis of the cultural, political and emotional unity of the country. The life and genius of the nation has been expressed in that language. A huge wealth of not only religious and philosophical literature but also the greatest and revered epics of the world, like the Mahabharat and the Ramayan, has been preserved in that language. The Sanskrit drama like Shakuntala have heightened the name of not only the Sanskrit language but India in the world. Not being satisfied with the translation of this great literature—which gave them only glimpses of its real beauty—scholars in even foreign countries like Germany and England came to India and studied the language and through it India's great literature.

We cannot afford to neglect Sanskrit ... ... there is no gainsaying the fact that the study of Sanskit is necessary not only for philologists but all Indians.

संस्कृत विश्व-परिषद्, वम्बई में प्रदत्त भाषण से,
१५ दिसम्बर, १९६१

श्री अनन्तशयनम् आयंगार

मैं यह दावे के साथ कहता हूं कि दूसरी ऐसी भाषा, जो कि राष्ट्रीय एकता का साधन वन सकती है, वह संस्कृत ही है। भारत की प्रत्येक भाषा का महत्त्वपूर्ण साहित्य इसी भाषा के साहित्य से लिया गया है। उत्तर भारतीय भाषायें जब कि संस्कृत से ही ली गई हैं, दक्षिण भारतीय भाषाओं ने भी संस्कृत के शब्द अपनाये हैं। संस्कृत भारत की सांस्कृतिक भाषा रही है। रामायण तथा महाभारत अब भी जनसाधारण का हृदय छू लेते हैं। मैं चाहूंगा कि संस्कृत प्रत्येक उच्च विद्यालय में आवश्यक रूप से पढ़ायी जाय, विशेषरूप से उत्तर भारत में जहाँ कि हिन्दी मातृभाषा है, संस्कृत भाषा का ज्ञान हिन्दी जाननेवालों के लिये भी अपनी भाषा में पारंगत होने की दृष्टि से आवश्यक है।

भाषायी फार्मूले के अन्तर्गत संस्कृत को एक भाषा के रूप में पढ़ने में कोई वाधा नहीं होनी चाहिये, कम से कम हिन्दी भाषियों के लिये।

विश्वज्योति, होशियारपुर, जून १९६५

श्री माधव श्रीहरि अणे

संस्कृत हमारी सांस्कृतिक भाषा है। पहले की अपेक्षा आज राष्ट्रजीवन में प्रादेशिक आदि अनेक प्रकार की एकता हो गई है। इसके वावजूद उन दिनों अधिक विभिन्नता थी किन्तु उस समय संस्कृत ही एक ऐसी भाषा थी जिसके माध्यम से हम हिमालय से कन्याकुमारी तक सभी को एक सूत्र में आवद्ध कर सके। इसे हमारे अपरिगणित पूर्वजों ने इसी कारण माना, देववाणी मान कर अर्चना की और अपने सामाजिक सांस्कृतिक जीवन में इसे अनिवार्य कर दिया।

आज भी यदि आप देश की एकता-अखण्डता चाहते हों तो यही आपका पुराना हथियार है। इसके व्यापक प्रचार से विभिन्न संस्कृति के कट्टर अनुयायी जब सम्पर्क में आयेंगे तब इसकी उस असाधारण आकर्षणशक्ति से आकृष्ट हो कर आपमें घुलमिल जायगें। फिर आप की अभीष्ट एकता करामलकवत् होगी।

आप लोक भाषा के पद पर हिन्दी को बैठायें और सांस्कृतिक या ज्ञान-भाषा का स्थान संस्कृत के लिये सुरक्षित रक्खें। हिन्दी को राष्ट्रभाषा न मान अंग्रेजी को राष्ट्रभाषा के पद पर बनाये रखना स्वतन्त्र भारत के स्वाभिमान के प्रतिकूल है। हमारा स्वाभिमान हमें जगा-जगा कर कह रहा है कि अंग्रेजी को निकाल बाहर कर वह स्थान हिन्दी को दो और उसके पोषण-रूप में ज्ञानभाषा संस्कृत को रखो।

युक्त प्रान्तीय संस्कृताध्यापक सम्मेलन के अध्यक्षीय भाषण से,

१२ दिसम्बर, १९४८

श्री नरहरि विष्णु गाड़गिल

संस्कृत भाषा का लालित्य, सौन्दर्य, शैली, शब्दसम्पत्ति, गतिशीलता, संस्कृत वाङ्मय में प्रतिपादित विचार, ज्ञान और अध्यात्मविद्या जब मन और आँखों में आती है तब यह सारी सम्पत्ति लोगों के लिये उपयोगी हो, यह इच्छा स्वाभाविक ही है।

१९वीं शताब्दी में जितने भी व्यक्ति विकास के लिये आगे बढ़े, उनमें सभी संस्कृत के पण्डित थे। उन्होंने संस्कृतविद्या से ही प्रेरणा प्राप्त की थी, जैसे राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती, लोकमान्य तिलक और महामना मालवीय जी। भारत में बोली जानेवाली सभी भाषायें संस्कृतरूपी महावृक्ष की लतायें हैं, यह कहना अनुचित नहीं होगा। महाभारत और रामायण में जो नीतितत्त्व है उसी के आश्रय से ही भारतीयों के वैयक्तिक तथा सामाजिक जीवन का निर्माण हुआ है। वेदों और उपनिषदों में प्रतिपादित तत्त्वज्ञान ही यहाँ के जीवन का मुख्य आधार है। इसी कारण से भारत में रहनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के लिये संस्कृत का सामान्य ज्ञान आवश्यक-सा हो जाता है।

नवभारत टाइम्स, २ जुलाई, १९६१

श्री नवाब मेहदी नवाज जंग

Though our country is in actual fact a sub-continent and has such a large variety of languages, climates, customs and other such differences between one part and another, we have very many things which give us a common base and nationality, and which are the real factors giving unity to this country. Amongst these one of the most important is Sanskrit. This one reason alone is enough to emphasise the importance of Sanskrit to us in India. However, it should also be remembered that it is through Sanskrit that we have access to our vast and rich heritage.

संस्कृत विश्व-परिषद्, बम्बई अधिवेशन, १५ दिसम्बर, १९६१

श्री डा० कैलाशनाथ काटजू

Everyone recognises that to create a sense of unity a common national language is absolutely necessary. We had already got one, but to our misfortune we have almost forgotten it. I refer to Sanskrit, the language which was spoken and understood throughout ancient India. Shankaracharya went from Kanyakumari to Shrinagar and Amarnath; he spoke Sanskrit throughout and was understood everywhere. In Sanskrit we have got an enormous literature dealing with every topic under the sun.

The Constituent Assembly decided to adopt Hindi as the national language. I do not quarrel with that decision. But Sanskrit is the mother of many of our regional languages and its encouragement will strengthen our sense of national unity.

Northern India Patrika,
May 27, 1961.

श्री रंगनाथ रामचन्द्र दिवाकर

In addition to being the linguistic and cultural foster-mother of our regional languages, Sanskrit has been for

centuries the unifying influence of the various peoples in India. It has always supplied the basic philosophy of life and other thought-material to all regions. The Ramayana, the Mahabharata, the Gita and Upanishads, the Panchtantra and Hitopadesh have been prolific sources of ideas and thoughts which have taken different shapes and form in all the Indian languages. The poetic imagery, the many familiar similes, metaphors have been common to almost all the languages in India because of their common source. The great epic figures of Rama, Sita, Hanuman, Krishna, Radha, Dharmaraja, Bhima, Narad, and so on are to be found in the literature of all our languages. In fact, Sanskrit literature has been the common quarry for us for millenniums, not to speak of centuries. That is the reason of our basic cultural unity and our ability to recognise similarity in thought and imagery in all our languages, whatever our own mother-tongue might be. All these facts show that Sanskrit which has undoubtedly a past greater than any other language, living or dead, classical or otherwise, has a future which neither Greek nor Latin or any other ancient or mediaeval language has dreamt of.

Bhavan's Journal, August 14, 1955.

श्री श्रीप्रकाश

The problem of assigning relative importance to the various languages - regional, national and international—is earnestly engaging our attention at this time. The place that Sanskrit occupies in the scheme of things has also to be kept in view, if we are to keep alive, as we must, our ancient thought and culture and preserve our rich heritage. It is through the medium of Sanskrit that we learn what our ancestors had thought and dreamt of in the ages past ; and knowledge of this ancient tongue will help us to realise what we still can do. Sanskrit is by no means a dead language and if we make a determined effort to learn the language in a

scientific manner and actually use it for speech and writing, we should find it can be comparatively easily learnt and give us great joy and satisfaction if utilised as a vehicle of thought.

संस्कृत विश्व-परिषद्, तिरुपति अधिवेशन, नवम्बर, १९५५

श्री के० सन्तानम्

The Sanskrit language played a vital part in promoting and maintaining this unity. Its importance was only religious and cultural, not political. It did not prevent the growth of regional languages but supplied material to them and formed the link between the learned from all parts of India. ....A revival of Sanskrit will also help linguistic integration powerfully.

Facets of Indian Unity,
Page—13

श्री जयचामराज वाडियार

The Sanskrita language is one of our most valued heritages from the past. It has, from centuries been the vehicle of expression for our philosphy, religion and literature. To us Sanskrita is more than a mere language. It is a symbol of our culture. It appears to be only natural therefore that with the recent revival of interest in our ancient culture which has followed in the wake of political freedom there should be active revival of the Sanskrita language.

संस्कृत विश्वपरिषद्, तिरुपति अधिवेशन, नवम्बर १९५५

डा० हरेकृष्ण मेहताब

.........The study of Sanskrit is essential, therefore, not only for the purpose of understanding the Indian religion and philosophy but also for understanding India's heritage of politics and diplomacy which is a more or less forgotten chapter

in the history because of the foreign rule in the immediate past. I think the succour which the Indian mind was all along receiving from the cradle to the grave in the home life through the Sanskrit literature being read out and explained by the learned few going about for the purpose, should now be made easily available everywhere in school and colleges through regular study of the literature. Unfortunately, in recent years as much attention has not been given to the study of Sanskrit as ought to have been given. As a result of this, younger generation seems to be loosing its mooring on account of its being cut off from the healthy background of the past.

Bharatiya Vidya Bhawan Bulletin,
June, 1959.

श्री पट्टाभि सीतारामैया

There is no doubt that the time has arrived for national forces combined to revive our ancient classical language Sanskrit, to which almost all the regional languages owe their birth and their growth. The object of swaraj is not merely to get rid of foreigners ruling this country but also to get hold all the broken threads of the cultural progress which has stopped thousand years ago and the broken ends of which it is our duty to take up with a view, if possible, to prolonging them to their logical ends. When we realize what mighty treasures of scientific and philosophical works our ancestors had produced, we shall be wonderstruck that we should have been ignorant of the very existence of such valuable literature all these that we have been under the foreign rule. Fortunately Sanskrit is included as one of the languages in the schedule attached to the Constitution of India and remembering the fact that in Malabar every student was made to study Sanskrit till a few years ago and that in certain universities Sanskrit was compulsory for the matriculation examination, we must now gather courage so that to ask for the introduction of

Sanskrit as a subject of the course of studies for high school education is not asking for too much.

One objection that is often raised is that students are called upon to study a number of languages, but if we cast a passing glance at the subjects of studies in European countries like Denmark and Holland and other places, you will find that each student has to learn four languages, namely, the mother tongue, the classical languages of Latin and Greece and finally one or even two of modern languages, such as French and German. So it is that here in India we have to learn our mother tongue, then Hindi and Sanskrit. These latter two are very nearly allied to each other and in most cases the regional language is intimately connected with both. The difficulty of having to learn an additional language is more an argumentative exaggeration than a substantive truth in itself.

संस्कृत सम्मेलन संचिका, गुण्टूर, ११ नवम्बर, १९५५

श्री बी० गोपाल रेड्डी

मुख्य मन्त्री, आन्ध्र प्रदेश

Sanskrit which was neglected in recent times is again receiving considerable attention from various educationists and administrators. It is no a mere question of revivalism of past things but one that is essentially for strengthening regional language. Sanskrit has a double purpose to serve, Sanskrit for its own sake, for it contains all our ancient literature and philosophy and Sanskrit for the sake of giving vitality to the various languages, both of northern India and of south India.

संस्कृत सम्मेलन संचिका, गुण्टूर, ११ नवम्बर, १९५५

श्री वी० आर० कृष्ण ऐयर

न्यायमन्त्री, केरल

In the comity of languages hegemony must go to Sanskrit. It is an ancient language which has earned the pride of place

by virtue of the great culture it embodies. The flower of Indian Culture has stemmed from Sanskrit. We should look upon the whole literature of Sanskrit not from the narrow point of view of its being an ancient language but from a national point of view. No Indian can claim to have imbibed the great things of the past if he has not some kind of acquaintance with Sanskrit literature. I am saying this because we as a nation must know the foundations of our civilizations. We should not cut ourselves away from the past. No civilization can be sound and no culture can be accepted as balanced unless it grows from and is found with the past.

The younger generation and the older generation also must feel that they should learn Sanskrit not because they add one more language to their mental equipments, but with a keen spirit of national endeavour to know what has been done in this country and what our ancient civilization was like.

Trivendram Sanskrit College Magazine
1957-58

श्री के० चन्द्रमौलि, राजस्वमन्त्री, आन्ध्र

Samskrita language acted as unifying force and instilled a sense of unity in the minds of the people. So the revival of culture embodied in Sanskrit is necessary for the consolidation of new forces of swatantra Bharat. Unless there is a reorientation in the policy of the Government of the day, there is no hope for the revival of Samskrit. The Government must assign a proper and important place to Samskrit in the curriculum of high schools, colleges and universities.

विश्व संस्कृत परिषद्, तिरुपति अधिवेशन, नवम्बर १९५५

श्री सी० सुब्रह्मण्यम्, अर्थ एवं शिक्षामन्त्री, मद्रास

Sanskrit is part of our precious national heritage. Some of the grandest thoughts and richest experiences of men in the realm of the spirit are recorded in Sanskrit. Though

no longer a spoken language, it has, by influencing the structure and growth of most other Indian languages, attained immortality. We should spare no effort to promote the learning of Sanskrit in the country.

Bharatiya Vidya Bhawan Bulletin
June—1959

आचार्य विधुशेखर भट्टाचार्य

It is evident, however, that one cannot write a few lines in pure vernacular language without having some fundamental knowledge of Sanskrit, so intimate is the connection between Sanskrit and allied languages. I may be pardoned if I mention that sometimes we find even learned dons of Indian institutions betraying lamentable ignorance about the spelling or meaning of ordinary Sanskrit expressions so very current in our vernaculars. It goes without saying, as our experience shows, that the study of Sanskrit has been, is and will be indispensable in the coining of technical terms in our vernaculars to represent objects and ideas in our researches and discoveries in the domain of science and other technical branches of learning. It is an admitted truth that if by chance the flow of the main Sanskrit language is arrested, the tributaries must perish for want of feeding. It is perhaps for this reason to which the present writer can testify, that the great poet and seer, Rabindra Nath Tagore, desired that no professor should be incharge of any vernacular language in Shantiniketan unless he is wellgrounded in Sanskrit.

In the temple of learning India with the help of Sanskrit can occupy a glorious position in the civilization of the world. Without that what is her status? What would be her acquisition? What would be her culture without Sanskrit, the soul of everything?

The Modern Review,
February 1949.

डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या

